आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–18 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

केन्द्रीय कैबिनेट बैठक में आज सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत देते हुए महंगाई भत्ते में दो प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद अब महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़कर 60 प्रतिशत हो गया है। केन्द्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद इसकी जानकारी देते हुए बताया कि यह बढ़ोतरी एक जनवरी दो हजार छब्बीस से प्रभावी होगी। उन्होंने बताया कि इससे कर्मचारियों की मासिक आय में वृद्धि होगी और महंगाई के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी।

केन्द्र सरकार के जितने भी कर्मचारी हैं और जितने पेंशनर्स हैं उनके लिये डीए और डीआर बढ़ाया गया, जिसकी टोटल लागत भारत सरकार को आयेगी 60 हजार सात सौ 91 करोड़ रूपिज। बेसिकली ये डीआर 1 जनवरी 2026 से 60 प्रतिशत ऑफ बेसिक पेय हो जायेगी। 2 प्रतिशत बढ़ाया है 58 से 60 हुआ है। 60 प्रतिशत ऑफ बेसिक पेय हो जायेगी। टोटल करीब पचास लाख एम्प्लाइज हैं और 68 लाख पेंशनर्स हैं भारत सरकार के। इन सबके लिये बहुत बड़ा बेनिफिशियल अवार्ड है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विस्तारित समय–सीमा के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–3 को जारी रखने की भी मंजूरी दी है।

आज जो फैसला लिया गया है उस फैसले में सबसे बड़ा परिवर्तन आया जो प्लेन एरियाज और विपेज एरियाज है उसमें टाइम का एक्सटेंशन प्लेन एरियाज में जो रोड सेन वेजेज हैं दोनों के लिये मार्च 2028 का समय–सीमा तय की गयी है। पीएमजी स्वायर–3 के लिये और जो पहाड़ी क्षेत्र है, हील एरियाज हैं उसमें रोड के लिये मार्च 2028 और वेजिज के लिये मार्च 2029 डिसाइड हुआ है इस प्रोग्राम के कम्पिट होने का टाइम

बैठक में 2 रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी गई।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रात साढ़े आठ बजे राष्ट्र को संबोधित करेंगे। यह संबोधन ऐसे समय में हो रहा है जब महिला आरक्षण से संबंधित संविधान संशोधन विधेयक विपक्षी दलों के समर्थन न मिलने के कारण लोकसभा में दो तिहायी बहुमत हासिल करने में विफल रहा।

****

केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लोकसभा में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक के पारित न होने पर कहा कि कांग्रेस का रुख महिलाओं के हितों के खिलाफ प्रतीत होता है। आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में उन्होंने कहा कि देश भर की महिलाएं बड़ी उम्मीदों से देख रही थीं।

कांग्रेस महिला विरोधी है और कांग्रेस ने बहुत ही गलत किया है। पूरे हिन्दुस्तान की महिलाएं बहुत उम्मीदभरी निगाहों से देख रही थी। 2029 में उनको आने से रोका है। जिस तरह से इन्होंने विरोध किया है आने वाले समय में महिलाएं कहीं का इनको नही छोडेंगी।

भाजपा की लोकसभा सदस्य बांसुरी स्वराज ने आरोप लगाया कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने देश की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया है।

केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सरकार ने विधानसभा और लोकसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करने वाला विधेयक महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए पेश किया था।

नारी शक्ति बिल जिस तरह से गिरा, यह कांग्रेस पार्टी का चरित्र है। प्रधानमंत्री जी ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया, जो 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। उनको सशक्त करने के लिए 33 प्रतिशत का आरक्षण विधानसभा और लोकसभा में उन्होंने देने का प्रावधान लिखित दिया है और कांग्रेस पार्टी उसको गिरा के खुश हो रही है।

भाजपा नेता, स्मृति ईरानी ने भी कांग्रेस पर देश की महिलाओं की उम्मीदों को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया।

इस बीच, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने दावा किया कि विपक्ष ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के संघीय ढांचे को बदलने और देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने के प्रयास को विफल कर दिया है। नई दिल्ली में पार्टी मुख्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की सच्ची वकालत के लिए निरंतर प्रतिबद्धता की आवश्यकता है और यह केवल राजनीतिक दांव–पेच से हासिल नहीं की जा सकती।

कल जो हुआ वो लोकतंत्र के लिए बहुत बडी जीत है, जो सरकार की साजिश थी। संघीय ढांचे को बदलने की, लोकतंत्र को कमजोर करने की। उसको हराया गया। यह संविधान की जीत थी, देश की जीत थी और विपक्ष की एकता की जीत थी।

****

आज विश्व धरोहर दिवस है। यह दिन सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत की विविधता, संवेदनशीलता और महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देता है। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं।

****